हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 29 अप्रैल 2024

04 भागवत कथा को लेकर निकाली कलश यात्रा



07 यूसीमास प्रतियोगिता में सिरोंज के छात्रों ने किया ...





## खबर संक्षेप

### कक्षा 9 में प्रवेश के लिए कल होगी परीक्षा

**विदिशा।** उत्कृष्ट विद्यालय एवं ब्लॉक स्तरीय मॉडल स्कूलों में कक्षा 9 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 30 अप्रैल को होने जा रही है। जिले में यह परीक्षा दो केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय और गर्ल्स स्कूल में होगी। मॉडल स्कूलों के लिए परीक्षा केंद्र उत्कृष्ट स्कूल बासौदा, लटेरी,सिरोंज एवं नटेरन रहेंगे। परीक्षा सुबह 10:15 से 12:15 तक चलेगी। छात्रों को सुबह 9:15 तक उपस्थित होना होगा। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य खजान सिंह ने बताया कि परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र ,फोटो युक्त परिचय पत्र एवं दो काले डाट पेन लाना अनिवार्य है। मोबाइल, कैलक्यूलेटर, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, ईअर फ़ोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी वर्जित रहेंगे।

### आई फोन व नकदी पुलिस के हवाले किया

**विदिशा।** शुक्रवार रात 9 बजे होमगार्ड जवान सुनील कुमार को हास्पिटल रोड पर काले रंग का बैग मिला। उसमें आई फोन कंपनी का मोबाइल और 3600 रुपए नकदी थी। मोबाइल की कीमत 94 हजार रुपए बताई जा रही है। सुनील कुमार ने मोबाइल और नकदी कोतवाली थाने में जमा करवा दी है। कोतवाली थाना पुलिस ने जानकारी लेने के बाद बैग और मोबाइल के साथ नकदी राशि जिला अस्पताल में काम करने वाले प्रभात शर्मा को सौंप दी है।

### रात्रि चौपाल से मतदाताओं को जागरुक किया

**विदिशा।** कलेक्टर ने रात्रि चौपाल मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को रोचक बनाने खेलों का आयोजन नागरिकों, महिलाओं और बच्चों के मध्य कराया है। इन खेलों में स्वंय कलेक्टर भी शामिल हुए और उन सब से आव्हान किया कि 7 तारीख को मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मतदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवारजन जिनकी ड्यूटी मतदान तिथि के पहले कहीं अन्य क्षेत्र में लगी है तो उन्हें डाकमत पत्र या ईडीसी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिसका लाभ लेकर वे मतदान जरूर करें।

### सेंटमैरी स्कूल में अर्थ डे मनाया गया

**विदिशा।** सेंटमैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अर्थ डे मनाया गया। जिसमें बच्चों एवं टीचर ने नाटक प्रस्तुति देकर पृथ्वी की बर्बादी के दृश्य बताएं एवं पृथ्वी को कैसे बचाया जा सकता है उन तरीकों पर भी बच्चों ने प्रस्तुति दी। मैनेजर डॉक्टर फादर सीजो ने अपने वक्तव्य में पृथ्वी को बचाने के पांच उपाय बताए। पहला पानी की बर्बादी को रोके, दूसरा ऊर्जा को बचाए उसका दुरुपयोग ना करें, तीसरा पेड़ लगाए तथा पेड़ों की सुरक्षा करें, चौथा प्लास्टिक का उपयोग बंद करें, पांचवा अपने आसपास का वातावरण साफ रखें इन उपायों को करके हम अपने आपको एवं आने वाली पीढ़ी को जीवन दान दे सकते हैं।

## चुनावी तैयारी: लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए सिर्फ सात दिन शेष

# आमंत्रण पत्रिका व पीले चावल देकर कलेक्टर ने मतदान करने दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

7 मई को लोकसभा चुनाव का मतदान होना है। भीषण गर्मी है ऐसे में वोटर मतदान केंद्रों पर कैसे पहुंचेंगे। इसकी चिंता राजनीतिक दलों का तो है ही साथ ही प्रशासनिक स्तर पर भी वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के लिए तरह तरह के आयोजन कर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने प्रेरित किया जा रहा है।

जागरुकता वाले कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य के द्वारा विशेष पहल की जा रही है। जिसके तहत जिले के सभी मतदाताओं तक मतदान करने का संदेश देने के लिए डोर-टू-डोर सम्पर्क किया जा रहा है। वहीं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष आयोजन किए ज रहे हैं। कलेक्टर श्री वैद्य ने रविवार की सुबह माधव उद्यान में मार्निंग वॉक करने वालों के बीच पहुंचे और सबको गुलाब के फूल, आमंत्रण पत्रिका, पीले चावल देकर मतदान करने का न्यौता दिया। माधव उद्यान में भ्रमण कर रहे जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मसूद अहमद खान भी मतदाता जागरूकता के इस कार्य में शामिल हुए। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने माधव उद्यान में पहुंचकर मॉर्निंग वॉक करने वालों के साथ योगा अभ्यास करने वाले साथियों के बीच पहुंचकर उन्हें अपना परिचय दिए बिना मतदान करने पीले चावल और आमंत्रण पत्रिका भेंट करने लगे और उन सबसे आव्हान किया की 7 मई को आप मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान जरूर करें इसी बीच योगाभ्यास साथियों को जब पता चला कि कलेक्टर स्वयं उन्हें अपने हाथों से मतदान करने का न्योता दे रहे हैं तो सभी ने कहा पूरे परिवार के साथ मतदान करेंगे।

### बिना परिचय दिए न्योता दिया बाद में लोगों को पता चला यह कलेक्टर हैं




सब्जी मंडी सहित मुख्य मार्ग पर पहुंचकर कलेक्टर ने सब्जी वालों राहगीरों और आम नागिरकों को पत्रिका देकर मतदान करने की अपील की।

विदिशा। भीषण गर्मी में मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को पहुंचाने के लिए प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयास।

### मतदान सामग्री वितरण की तैयारी

सागर और विदिशा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाली पांचों विधानसभाओं में मतदान सामग्री का वितरण करने की तैयारी पूरी हो चुकी है। विदिशा एवं शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों के कर्मियों को निर्वाचन सामग्री का वितरण शासकीय आदर्श महाविद्यालय जफर खेड़ी से किया जाएगा। जबकि बासौदा विधानसभा के मतदान दलों के कर्मियों कोशासकीय संजय गांधी कॉलेज बासौदा के मैदान से तथा कुरवाई विधानसभा के मतदान कर्मियों को शासकीय कॉलेज कुरवाई से जबकि सिरोंज विधानसभा के मतदान कर्मियों को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज लटेरी रोड सिरोंज से वितरित की जाएगी। विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं के 1341 मतदान है जिसमें तीन सहायक मतदान केंद्र भी शामिल हैं।

# राज्यरानी एक्सप्रेस के बनारस तक विस्तार का संगठनों ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राज्यरानी एक्सप्रेस के वाराणसी तक विस्तार के विरोध में रविवार को अपडाउनर्स, यात्री और शहर के विभिन्न संगठनों ने स्टेशन अधीक्षक सीबी दीक्षित को ज्ञापन दिया है।

रेलवे अपडाउनर्स प्रोग्रेसिव वेलफेयर एसोसिएशन के इस अभियान में समाजसेवी संगठनों के अध्यक्ष भी शामिल रहे। मांग है कि भोपाल दामोह राज्यरानी एक्सप्रेस को वाराणसी तक विस्तार नहीं किया जाए। बनारस तक विस्तार हो जाने के बाद यात्री की संख्या में वृद्धि होगी जिसके कारण भोपाल दामोह और उसके बीच पड़ने वाले शहर सागर, विदिशा, गंजबसोदा, खुरई, मंडीबामोरा, बीना, पथरिया के यात्रियों को असुविधा होगी। राज्यरानी एक्सप्रेस क्षेत्र की लाइफ लाइन यात्री ट्रेन मानी जाती है। जिससे छात्र छात्राएं, व्यापारी, आम नागरिक, मरीज रोजाना आना जाना करते हैं। राज्यरानी एक्सप्रेस के प्रस्तावित विस्तार को वापस न लेने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस दौरान रेलवे सलाहकार समिति सदस्य कमलेश सेन, हिउस अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह टीलाखेड़ी, ग्राहक पंचायत के विनोद शाह, उद्योग व्यापार मंडल के राजेश जैन, अतुल शाह सहित लोग मौजूद रहे।

# विदिशा विधानसभा में 304, सिरोंज में 10 मतदानकर्मियों ने डाकमत पत्र से डाले वोट




विदिशा। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करते हुए पुलिस विभाग का जवान।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- दोनों संसदीय क्षेत्रों में मतदान कर्मियों के लिए दी है सुविधा।

मतदानकर्मियों के लिए द्वितीय चरण का प्रशिक्षण हरेक विधानसभा स्तर पर आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण स्थलों पर मतदानकर्मियों के लिए डाकमत पत्र से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिले की पांचों विधानसभाओं में पहले दिन 541 मतदानकर्मियों के द्वारा डाकमत पत्र से मतदान किया गया है। जिसमें सबसे अधिक विदिशा विधानसभा क्षेत्र में 304 ने तथा सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम दस मतदानकर्मियों के द्वारा डाकमत पत्र से वोट डाले। जबकि बासौदा में 101, शमशाबाद में 76, कुरवाई में 50 मतदानकर्मियों के द्वारा मतदान किया गया है।

मतदानकर्मियों के लिए 30 अप्रैल तक प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा और मतदान की सुविधा भी प्रशिक्षण स्थलों पर मुहैया होगी। निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मचारी जो मतदान केन्द्र पर वोट डालने नहीं जा सकते है उनकी सुविधा के लिए पांचों विधानसभाओं में सुविधा केंद्रों का संचालन किया जा रहा है।

इन केंद्रों पर मतदान दलों में ड्यूटी पर लगाए गए कर्मचारी, अधिकारी, पुलिस बल, होमगार्ड, कोटवार इत्यादि अपना डाकमत पत्र प्राप्त कर मतदान कर सकेंगे। प्रत्येक विधानसभा मुख्यालय पर दोनों संसदीय क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले पांचों विधानसभाओं के डाकमत पत्र प्रदाय कर मतदान प्रक्रिया में भाग लें सकेंगे। सुविधा केन्द्रो के अतिरिक्त प्रत्येक सहायक रिटर्निंग अधिकारी लोकसभा निर्वाचन 2024 जिला विदिशा के मुख्यालय पर भी डाकमत पत्र केन्द्र संचालित रहेगा।

### 15 साल में भी नहीं बनी सड़क, ग्रामीणों ने गांव में रैली निकालकर किया मतदान का बहिष्कार



**हैदरगढ़।** 15 साल से चीकली गांव में सड़क जैसी मूलभूत सुविधा न होने के चलते रविवार को ग्रामीणों ने गांव में रैली निकालकर मतदान का बहिष्कार कर दिया है। कीचड़ के कारण लोगों को परेशान होना पड़ता है। जनप्रतिनिधि गांव में आते हैं और आश्वासन देकर चले जाते हैं, लेकिन बाद में कोई काम नहीं होता। गांव वालों ने रैली के दौरान पानी की समस्या को लेकर भी नारेजाबी की गांव के नारायण सिंह ने बताया की गांव में सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं न होने के चलते इस बार लोकसभा चुनाव में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया है। ग्रामीणों ने बताया कि 2003 में प्रधानमंत्री सड़क योजना खिरियाजागीर से मोहम्मद गढ़ तक लगभग 4 किलोमीटर सड़क बनाई गई थी लेकिन ग्राम चिकली में सीसी रोड छोड़ दिया। जिससे बारिश में लोगों का निकलना दूभर होता है। इसकी कई बार शिकायत की लेकिन अभी तक किसी प्रकार का आश्वासन नहीं मिला। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह सेन ने ग्रामीण को समझाइश दी की जल्द से जल्द वरिष्ठ अधिकारियों को अगवत कराकर सड़क और पानी की समस्या को दूर करवाएंगे।

# बाल विहार में झूला झूलते में पेड़ की टहनी गिरने से सात वर्षीय मासूम की मौत, परिजनों की सूखे पेड़ हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रविवार को लोहंगी मोहल्ले में रहने वाले सुरेश अहिरवार उनकी पत्नी प्रियंका अहिरवार और परिवार के साथ मोहल्ले के कुछ अन्य लोग कोतवाली थाने पहुंचे। उन्होंने शिकायत करते हुए सावरकर बाल विहार में पुराने और सूखे पेड़ों को हटाने की मांग की है।

प्रियंका ने बताया कि 23 तारीख को वह अपनी दोनों बच्चियों के साथ सब्जी खरीदने के लिए आईं। इसी बीच में सावरकर बाल विहार में वह लोग गए। बाल विहार में लगे झूला झूलने के दौरान बच्चियों के ऊपर पेड़ की टहनी टूटकर गिर गई। जिससे 7 साल की पीहू अहिरवार गंभीर रूप से घायल हुई। उसे मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। उसकी हालत गंभीर होने पर उसे भोपाल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। भोपाल में ही पीएम करा कर शव परिजनों को सौंपा। रविवार को परिजनों ने कोतवाली थाने में शिकायत करते हुए सावरकर बाल विहार में लगे पुराने और सूखे पेड़ों को हटाने की मांग की। इस प्रकार की दुर्घटना है दोबारा न हो। परिजनों का कहना था कि नगरपालिका की लापरवाही से यह हादसा हुआ है। उनका कहना है कि सावरकर बाल विहार में नगर पालिका का कोई ध्यान नहीं देती है। बरसों पुराने पेड़ों पर झूले लगे हुए हैं।



### निशुल्क शिविर में 26 मरीजों ने कराई जांच



**विदिशा।** वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ केसी बागरेचा एवं डॉ जीके माहेश्वरी द्वारा रविवार को विकास पचौरी फाउंडेशन के सेवाघर में सभी उम्र के 26 मरीजों की शारीरिक जांच की। उन्हें चिकित्सा परामर्श दिया गया। यह जांच प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क की गई। इसी सेवाघर में स्वर्गीय सत्यम माहेश्वरी की स्मृति में सभी की निःशुल्क शुगर एवं ब्लड ग्रुप चेक करके उन्हें हाथों हाथ रिपोर्ट दी गई। सेवक मंडल के सदस्य जीएस चौहान ने बताया कि 5 मई को चिकित्सा परामर्श कैंप शेरपुरा स्थित सेवा घर में फिर से आयोजित होगा। जहां कुशल डाक्टर द्वारा गरीब मरीजों को इलाज सलाह के साथ-साथ उनका ब्लड ग्रुप एवं शुगर चेक करके हाथों-हाथ रिपोर्ट दी जाएगी।

# डीईजी त्रिपाठी ने चुनाव के दौरान पुलिस की तैयारी का लिया जायजा, थाना भी देखा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रविवार को पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रामीण रेंज भोपाल ओमप्रकाश त्रिपाठी ने जिले के अधिकारियों की ली। सबसे पहले वह एसपी कार्यालय पहुंचे।

एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने उनका स्वागत किया। इसके बाद पुलिस उप महानिरीक्षक ने जिले के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उमनि के द्वारा लोकसभा चुनाव को देखते हुए आचार संहिता के दौरान की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की और 7 मई को होने वाले मतदान की तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले सभी एसएसटी प्वाइंट पर सतत चैकिंग करते हुए प्रभावी कार्रवाई करने के संबंध में निर्देश दिए गए। उन्होंने कोतवाली थाने पहुंचकर भी निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख रूप से डॉ प्रशांत चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिशा, अतुल सिंह नगर पुलिस अधीक्षक विदिशा, अनूप सिंह नैन उप पुलिस अधीक्षक अजाक विदिशा, ज्योति शर्मा उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा विदिशा, मनोज दुबे थाना प्रभारी कोतवाली, शहबाज खान थाना प्रभारी सिविल लाइन, उर्मिला यादव महिला थाना प्रभारी उपस्थित रहे।



विदिशा। कोतवाली थाने पहुंचकर उप महा निरीक्षक ने थाने की स्थिति देखी।

# विरासत ग्रुप ने पक्षियों को पानी के लिए बाल विहार में सकोरे लटकाए




**विदिशा।** विरासत ग्रुप ने स्व. रामेश्वर दयाल बंसल ट्रस्ट और कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन के सहयोग से पक्षियों को गर्मी के मौसम में जल की व्यवस्था के लिए सकोरो का वितरण किया। सावरकर बालविहार में पेड़ों, खंभों आदि पर जलपात्र सकोरे लटकाए। बालविहार में नियमित घूमने वालों से आग्रह किया कि वे इन जल पात्रों में पानी भरते रहे। इसके बाद दूसरे कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल हुए। इसके बाद बालविहार से मतदान संबंधी नारे लगाते हुए तिलक चौक तक पहुंच। कार्यक्रम में नगर के डॉक्टर, वकील ,प्रोफेसर, शिक्षक, व्यवसायी शामिल हुए। इस अवसर पर गोविंद देवलिया, देवेश आर्य, डॉ वेदप्रकाश मेहरा, मनमोहन बंसल, प्रवीण शर्मा, एसएन शर्मा, कीर्तिप्रकाश शर्मा, डॉ राजेश बंसल, उमेश शर्मा, सुरेंद्र राठौर, जीएस चौहान, सुरेंद कुशवाह, रामबाबू रघुवंशी, तोरण सिंह शिल्पकार, राजकुमार शर्मा, अरुण नामदेव, उमेश ताम्रकार आदि मौजूद रहे।

## वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए किए जा रहे जतन

# कल जिलेभर में बाइक रैली, साइकिल रैली मशाल जुलूस व वॉक मैराथन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

लोकसभा चुनाव में प्रदेश में पहले और दूसरे चरण में मतदान कम होने के बाद विदिशा में वोटर्स को मतदान के प्रति जागरूक करने के जिला प्रशासन मतदाता जागरूक महाअभियान चलाया जा रहा है।

रविवार से इस अभियान की शुरुआत हो गई है जो की 7 मई तक चलेगा। मतदाता जागरूकता का महा अभियान के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों का सहयोग लिया जा रहा है। इस महाअभियान में रविवार से अलग-अलग गतिविधियों आयोजित की जा रही है। इसके अंतर्गत माधव उद्यान में सैर करने वाले लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

इसके साथ ही सब्जी मंडी में पहुंचकर कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने लोगों को मतदान का महत्व बताया और मतदान के दिन सबसे पहले मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले लोकसभा चुनाव में जिले में 70 % मतदान हुआ था, वहीं चार महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में 80% मतदान हुआ था।



### जागरूकता महाअभियान के तहत ये गतिविधियां

- 29 अप्रैल- जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में पालक शिक्षक मीटिंग का आयोजन।
- 30 अप्रैल- जिलेभर में अलग अलग क्षेत्रों से बाइक रैली, स्कूटी रैली, साइकिल रैली, मशाल जुलूस और वाक मैराथन का आयोजन।
- 1 मई- ऑडिटोरियम और जिले के सभी सरकारी कॉलेजस में महिलाओं के लिए सेमिनार, फन फेयर और शपथ।
- 2 मई- मतदाता आमंत्रण कार्यक्रम, जिसमें कलेक्टर सहित अन्य सरकारी अमला घर-घर जाकर मतदान के लिए पीले चावल बांटेगा।
- 3 मई- सरकारी और निजी कालेजों में चुनावी पाठशाला और नुक्कड़ नाटक का आयोजन।
- 4 मई-शहर में कार और ट्रैक्टर रैली।
- 5 मई- शहर में मतदाता जागरूकता के लिए कलश यात्रा और फन फेयर।
- 6 मई- पुलिस और अन्य सुरक्षा दलों द्वारा मार्च पास्ट के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश।

## खबर संक्षेप

### रैली निकालकर किया जागरुक


**गंजबासौदा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए नगर पालिका द्वारा मतदाता जागरूकता के अंतर्गत दिव्यांगजन एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ नगर पालिका सीएमओ जयंत कुमार वर्मा सामाजिक न्याय विभाग से सामग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी मोनिका भार्गव, वरुणेंद्र चौबे की मौजूदगी में किया गया। रैली नगर पालिका से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई, जय स्तंभ चौराह, अंबेडकर चौक से होती हुई, नगर पालिका प्रांगण पहुंचकर संपन्न हुई। इस रैली में दिव्यांगजन अपनी ट्रायसाइकिल एवं मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के साथ बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। रैली में जितेंद्र सिंह अरोरा, जावेद खान, राजेश चौरसिया, देवेंद्र अहिरवार, रमाकांत श्रीवास्तव, शुभम शर्मा, अरविंद भार्गव सहित नगरपालिका के अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस रैली के माध्यम से सभी ने आगामी चुनाव में आम जनता एवं मतदाताओं से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

### प्रभुदयाल जैन का निधन



**गंजबासौदा।** सवाई सिंघई निर्मल कुमार, देवेन्द्र कुमार, अनिल कुमार जैन के पिताजी एवं राजीव, गौरव, राहुल, अंकित के दादाजी सवाई सिंघई प्रभुदयाल जैन का रविवार को निधन हो गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। जिनकी अंतिम यात्रा सोमवार को सुबह 9.30 बजे निज निवास महावीर विहार मार्ग मील रोड से पाराशरी मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

## जान जोखिम में डालकर पटरी पार कर रहे यात्री...





**गंजबासौदा।** इन दिनों शादियों का सीजन होने के चलते स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर रेल यात्रियों की बड़ी संख्या में भीड़ दिखाई दे रही है। रेलवे द्वारा रेलयात्रियों की सुरक्षा को लेकर काफी प्रयास करने के बाद भी रेलयात्री अपनी जान को जोखिम में डालकर मनमाने ढंग से लाइन पार कर रहे हैं। ऐसा ही नजारा रविवार के दोपहर लगभग 12 बजे देखने को मिला, जब बीना से भोपाल की ओर जाने वाली मेमू एक्सप्रेस का एनाउंसमेंट होते ही रेलयात्रियों का प्लेटफार्म नंबर 3 से नीचे कूदना प्रारंभ हो गया और ट्रेन आते-आते नीचे कूदकर ट्रेन में अपने लिए सीट के लिए इधर उधर दौड़ने लगे। जैसे ही ट्रेन से रेलयात्री उतरे और उतरकर पैदल पुल का प्रयोग न करते हुए अपनी जानको जोखिम में डालकर रेल्वे लाइन पार कर निकलने लगे, जिसमें सर्वाधिक महिलाएं और बच्चे थे। ऐसे में यदि कोई थ्रू गाड़ी आ रही होती तो बड़ी घटना घटित हो सकती थी। **छाया : राजा छारी**

### सिटी, देहात थाने पहुंचकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# भोपाल रेंज ग्रामीण डीआईजी ने की लोकसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को भोपाल रेंज ग्रामीण के डीआईजी ओमप्रकाश त्रिपाठी ने सिटी थाना एवं देहात थाना पहुंचकर वहां पुलिस अधिकारियों के साथ आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर स्टॉफ से चर्चा की। इस दौरान डीआईजी ने अभी तक हुई कार्रवाईयों की समीक्षा की।

डीआईजी त्रिपाठी ने शहर थाना परिसर में पुलिस कर्मियों को कहा कि अब मुस्तैदी से क्षेत्र में कार्य करना है। उन्होंने थाने में पदस्थ नए एसआई, एएसआई और आरक्षकों से थाने में तैनाती का समय भी पूछा और अभी आप लोगों को ज्यादा समय नहीं हुआ है, इसलिए अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। चुनाव में कोई विघ्न न हो, असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करें, माइनर एक्ट की ज्यादा से ज्यादा कार्रवाई की जाए। इसके अलावा क्षेत्र में अवैध शराब, अवैध हथियार के संबंध में भी कार्रवाई करना है और जनता के साथ भी तालमैल पुलिस बनाए। ताकि पुलिस को असामाजिक तत्वों की मुखबिरी सीधे मिल सके। प्रत्येक पुलिसकर्मी को अपना श्रेष्ठ कार्य करना होगा। पत्रकारों से चर्चा करते हुए डीआईजी ओमप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि चुनाव को लेकर जिस प्रकार से पुलिस ने व्यवस्था की है वह संतुष्टि पूर्ण है। माइनर एक्ट और कुछ वारंट के मामले में उन्होंने तेजी लाने के संबंध में निर्देशित भी किया है। डीआईजी ओपी त्रिपाठी के दौरे के दौरान एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे, एसडीओपी मनोज मिश्रा, सिटी थाना टीआई संजीव चौकसे, देहात थाना, टीआई हरिकिशन लोहिया सहित दोनों थानों का पुलिस बल मौजूद था।

## भागवत कथा को लेकर निकाली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को भागवत कथा को लेकर नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक पहुंची कलश यात्रा में भागवत महापुराण का स्वागत जगह जगह हुआ एवं संत महात्माओं का स्वागत फूलों की वर्षा के साथ रथ में बिठाकर कलश यात्रा निकाली गई। सिरोंज चौराहा पर ओमप्रकाश नेमा द्वारा श्रद्धालुओं को ठंडा जूस एवं जलपान की व्यवस्था की गई, हनुमान चौक पर विवेक जैन द्वारा भागवत जी पर फूलों की वर्षा कराई गई। भागवत कथा का महत्व समझाते हुए कथावाचक पंडित विकास एलिया ने कहा कि कलश रिद्धि- सिद्धि का प्रतीक है। इसका हिंदू धर्म में अपना महात्म्य है। उन्होंने कहा कि कलश हमारे जीवन के हर क्षण में काम आता है। जन्म के समय भी कलश स्थापना की जाती है और मरने के समय भी शरीर के साथ कलश विसर्जित किया जाता है। उन्होंने बताया कि कलश के ऊपर नारियल रखा जाता है। यह नारियल मनुष्य को इस बात की शिक्षा देता है कि परिवार के मुखिया को उपर से सख्त और अंदर से मुलायम होना चाहिए। इससे जीवन की गाड़ी बेहतर चलती है। कलश के उपर जो माला रखी जाती है उसका अलग महत्व है। जिस प्रकार माला में लगा हुआ फूल महकता है उसी प्रकार मनुष्य का जीवन भी दूसरों को सुगंध देने वाला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कलश को कलश को 108 महिलाएं सिर पर रखकर शोभा यात्रा निकालती है, यह जिस क्षेत्र में निकलती है वहां का वातावरण मंगलमय हो जाता है।

कलश यात्रा बड़ी धूमधाम फूलों की बरसात ढोल नगाड़े के साथ कलश यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची कलश यात्रा में मुख्य यजमान प्रीति राजकुमार सक्सेना, जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश जादौन, राजेश सक्सेना, सुनीता विजय अरोरा, सरीना राजेश राय माथुर, सुनीता वैष्णव, विशाल वैष्णव, पन्नालाल कुशवाह, सपना कुशवाह, संगीता कुशवाहा भोपाल से पधारे भक्तगण संगीता प्रजापति, सविता, विक्रम वर्मा, प्रियंका राजपूत, विशाल जैन, दशरथ दांगी, चेतन राजपूत, अमित माथुर, अरविंद दुबे सहित भागवत धर्म सेवा ज्ञान समिति के समस्त भक्तगण उपस्थित थे।

## एसएसटी प्वाइंट का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

शनिवार को कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा एसएसटी प्वाइंट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के संबंध में एवं आदर्श आचार संहिता नियमों के पालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा गया। मालूम हो कि कलेक्टर बुद्धेश कुमार बैद्ध एवं एसपी दीपक कुमार शुक्ल द्वारा संपूर्ण जिले में लगातार भ्रमण किया जा रहा है। अधिकारियों ने एसएसटी प्वाइंट बागरोद, सागर रोड पहुंचकर त्योंदा थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी, चौकी प्रभारी जेपी मालवीय, व एसएसटी प्वाइंट लगे बल एवं एफएसटी टीम एवं अन्य पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दिए एवं स्वयं की उपस्थित में वाहन चैक कराकर कमर्चारियों का उत्साहवर्धन कर यातायात नियमों का पालन करने तथा सावधानी एवं सतर्कता ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करने की की समझाएं दी गई। अधिकरियों ने संयुक्त रूप से त्योंदा, ग्यारसपुर के कई संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण भी किया गया।

## ब्राह्मण दल ने मेडिकल कैंप का किया आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ब्राह्मण दल द्वारा भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव इस वर्ष सेवा पखवाड़े के अंतर्गत मनाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को सुधा हॉस्पिटल बरेठ रोड में अपोलो सेज हॉस्पिटल भोपाल के सहयोग से शिविर संपन्न हुआ। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम के अस्थि रोग, महिला रोग, किडनी रोग, जनरल फिजिशियन डॉ. चेतन सिंह, डॉ पूर्णिमा तिवारी, डॉ. चेतन कुलकर्णी, डॉ. आर पी तिवारी, डॉ. के के तिवारी, डॉक्टर रोहित शर्मा, डॉक्टर नरेश मिश्रा, डॉक्टर पवन शर्मा तथा अपोलो सेज हॉस्पिटल की नर्सिंग टीम ने मेडिकल कैंप में 500 से अधिक मरीजों का चिकित्सीय परीक्षण किया। परीक्षण में सबसे अधिक रोगी अस्थि रोग से संबंधित पाए गए, अस्थि रोग में महिला रोगी अधिक थी। चिकित्सकों की टीम द्वारा बताया गया की अधिकांश अस्थि रोग की उत्पत्ति कैल्शियम की कमी होने से तथा गर्दन में हो रहा दर्द मोबाइल की वजह से है।

डॉ. पूर्णिमा तिवारी द्वारा निसंतान दंपत्ति को आईवीएफ से संबंधित सवालों के जवाब दिए गए और आईवीएफ के संबंध में फैली भ्रांतियां को दूर किया गया। उक्त आयोजन को सफल बनाए जाने पर ब्राह्मण दल द्वारा समस्त नगरवासियों का धन्यवाद दिया गया है। कार्यक्रम के अंत में समस्त मेडिकल टीम का सम्मान नगर के ब्राह्मण दल द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। अस्पताल द्वारा भी ब्राह्मण दल के सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि ब्राह्मण दल द्वारा परशुराम जयंती तक कई सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर ब्राह्मण समाजजन, नगरवासी मौजूद थे।

### सरदार सिंह रघुवंशी का निधन

**गंज बासौदा।** खिलान सिंह, हरिसिंह रघुवंशी के चाचाजी एवं नवल सिंह, परशराम, संजू, सोनू, रनवीर, मंटू के दादाजी सरदार सिंह रघुवंशी का स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा रविवार को निज निवास ग्राम मूड़रा से सुबह 9 बजे विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों ने सरदार सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दुःखी परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की और दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### 30 वर्ष से लेकर 60 वर्ष तक के महिला-पुरुष हुए शामिल

## द्वादश वर्षीय श्रवण संस्कृति अंतर्गत परीक्षाएं आयोजित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पुरानी कहावत है कि ज्ञान प्राप्त करने की कोई उम्र नहीं होती। इसी कहावत को चरितार्थ कर स्थानीय आचार्य विद्या वेली हायर सेकंडरी स्कूल में श्री दिगंबर जैन श्रवण संस्कृति संस्थान सांगानेर (जयपुर) के अंतर्गत द्वादश वर्षीय श्रवण संस्कृति स्वाध्याय पाठ्यक्रम परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष सैकड़ों जैन समाज के महिला, पुरुष वर्षभर अध्ययन कर वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होते हैं। इस परीक्षा में उम्र का कोई बंधन नहीं होता, जिसमें युवा वर्ग से लेकर प्रोंण महिला, पुरुष एक साथ बैठकर परीक्षा देते हैं। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक जीवन के साथ साथ धर्म का अध्ययन करना होता है। जिससे ज्ञान की वृद्धि के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की जानकारी प्राप्त होती है। पर्यवेक्षक ब्रह्मचारिणी डॉ. आराधना दीदी ने बताया कि निर्यापक मुनि सुधा सागर महाराज की मंगल प्रेरणा एवं आशीर्वाद से श्रवण संस्कृत संस्थान सांगानेर (जयपुर) प्रतिवर्ष परीक्षा आयोजित की जाती है। पिछले 6 वर्षों से लगातार पाठ्यक्रम पूरे देश में पढ़ाया जा रहा है। नगर के 100 से अधिक परीक्षार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं। प्रोफेसर अनुराग जैन अशोक जैन, मीनाक्षी जैन, चेतना जैन, साक्षी जैन, पायल जैन ने परीक्षा में सहयोग किया।

## राज्यरानी के विस्तार के विरोध में सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भोपाल दमोह भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस 22161, 22162 के वाराणसी तक विस्तार के विरोध में प्रदेश के विभिन्न शहरों और कस्बों के डेली अपडाउनर्स और आम रेल यात्रियों ने रविवार को विभिन्न रेल्वे अधिकारियों को यात्रियों, नागरिकों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। रेल्वे अपडाउनर्स प्रोग्रेसिव वेलफेयर एसोसिएशन के अंतर्गत दिए गए ज्ञापन में यात्रियों और आम नागरिकों ने मांग की है कि भोपाल दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस को वाराणसी तक विस्तार नहीं किया जाए। यात्रियों और जनता की चिंता है बनारस तक विस्तार हो जाने के बाद यह ट्रेन यात्रियों की भारी भीड़ और लेट लतीफी का शिकार होगी, जिसकी वज़ह से भोपाल दमोह और उसके बीच पड़ने वाले शहरों जैसे सागर, विदिशा, गंजबसोदा, खुरई, मंडीबामोरा, बीना, पथरिया के यात्रियों के लिए बेहद असुविधा होंगी। राज्यरानी एक्सप्रेस इस क्षेत्र की लाइफ लाइन यात्री ट्रेन मानी जाती है। जिससे छात्र, छात्राएं, व्यापारी, आम नागरिक, मरीज प्रदेश की राजधानी से रोजाना आना जाना करते हैं।

इस संबंध में रविवार को सुबह के समय रेल्वे स्टेशन पहुंचकर स्टेशन मास्टर को एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुशवाह, मनीष शर्मा, जितेन तोमर, संतोष कुशवाहा, शुभम अहिरवार ,विष्णु प्रसाद शर्मा, रेहान अली ,मयंक शर्मा, नितिन कुशवाहा, अनु ठाकुर, राजकुमार राजपूत, पन्नालाल कुशवाहा, महेश साहू ,दिनेश रघुवंशी सहित अन्य साथियों ने स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा गया। हालांकि भोपाल एवं खुरई रेल्वे स्टेशन मास्टर ने ना केवल ज्ञापन लेने से मना किया बल्कि पश्चिम मध्य रेल्वे मुख्यालय संपर्क करने का सुझाव दिया। यात्रियों का कहना है कि अगर रेल्वे विभाग ने राज्यरानी एक्सप्रेस के प्रस्तावित विस्तार को वापस नहीं लिया तो व्यापक आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### वोटर हेल्पलाइन नंबर जारी

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 जारी किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कोई भी नागरिक किसी भी समय कोई भी प्रश्न निशुल्क पूछ सकता है या फिर शिकायत दर्ज कर सकता है।

### मतदान दल का द्वितीय प्रशिक्षण आज से

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 29 अप्रैल से एक मई तक प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रूपेश उपाध्याय के अनुसार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत समस्त सेक्टर अधिकारियों को उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित होकर मतदान प्रकिया से संबंधित प्रशिक्षण लेने के लिए आदेशित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र बीना अंतर्गत प्रशिक्षण केन्द्र जैन उ.मा.वि. बस स्टैंड सागर, खुरई के लिए शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय सागर, सुरखी के लिए शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर, नरयावली के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सागर एवं सागर क्षेत्र के लिए शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय, तिली को प्रशिक्षण केन्द्र बनाया गया है।

### शतरंज से एकाग्रता बढ़ती है और एकाग्रता सर्वोत्तम नीति है: निधी सिंह

**सागर।** शतरंज का 33वां प्रशिक्षण को-चैयरमैन रोटेरियन वीनू शमशेर जंग बहादुर राणा एड. की प्रेरणा से प्रत्येक रविवार को रोटरी क्लब ऑफ सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प (आरसीसी) के द्वारा शतरंज प्रशिक्षण कांची रेस्टोरेंट सिविल लाइन सागर में मुख्य अतिथि निधी सिंह डिस्ट्रिक मैनेजर एच.आर. छत्तीसगढ, आरसीसी बहेरिया अध्यक्ष आर्बिटर इंजी. अंकुर सिंह लोधी, डॉ. के.के. शुक्ला, अजय उपाध्याय, आयुष्मान सैनी, मनीष सैन, आदर्श सूर्यवंशी, रोशनी लोधी, की उपस्थिति में किया गया।

### यातायात प्रभारी ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की दिलाई शपथ

# बगैर नंबर व बिना हेलमेट के वाहन चलाने, 3 सवारी बैठाने पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मुख्य मार्गो पर आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं व यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाकर सड़कों पर वाहन दौड़ाने वाले चालकों के बढ़ते मामलों को देखते हुए यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। यातायात पुलिस ने शनिवार की शाम नगर के छत्री नाका चौराहा पर कार्यावाही करते हुए दोपहिया वाहन पर तीन सवारी चलने वाले,चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट न लगाने वाले, फटाखे की आवाज वाली बुलेट,बिना नंबर, हेलमेट, अनाधिकृत हूटर, सर्च लाइट, निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज वाहन चलाने वाले, बिना लाइसेंस के वाहन चलाने वाले, वाहन का बीमा, पंजीयन व अन्य दस्तावेज नहीं रखने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की।

### सफारी वाहन पर हूटर पाए जाने पर लगाया जुर्माना

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा दिए गए आदेश के पालन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे,एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश वाघेला द्वारा यातायात पुलिस एंव थाना सिरोंज पुलिस बल के साथ विशेष अभियान के अंतर्गत छत्री नाका चौराहा पर विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों का



उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 15 चालान पर 10400 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। वही कार्रवाई के दौरान मुख्य रूप से फटाखे की आवाज वाली बुलेट,तीन सवारी,बिना नंबर, हेलमेट, अनाधिकृत हूटर, सर्च लाइट, तेज गति से वाहन चलाने वालो पर कार्यवाही की गई। इस दौरान एक सफारी वाहन पर हूटर पाए जाने पर उक्त वाहन पर 3000 रूपया का जुर्माना किया गया। साथ ही सभी चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर हिदायत दी गई की सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी यातायात नियमों का पालन कर स्वयं अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा का ध्यान रखें।




### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो को दी समझाइश

यातायात प्रभारी रीतेश बघेला ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले नागरिकों को जागरूक कर समझाइश दी। वही लोगो को शपथ दिलाई गई कि शराब पीकर वाहन ना चलाएं सदैव हेलमेट का प्रयोग करें। फोर व्हीलर वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग करें, जिससे उनकी एवं उनके परिवार की सुरक्षा बनी रहे। यातायात नियमो में सुधार लाने और आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से पूरे जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वही शनिवार को यातायात प्रभारी रीतेश बघेला द्वारा आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने को लेकर यातायात प्रभारी ने यातायात नियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी एवं यातायात नियमों का पालन करने से होने वाले फायदे एवं पालन नहीं करने पर मिलने वाले दुष्परिणामों के संबंध में अवगत कराकर शपथ दिलाई गई।

### इन बातों का पालन करने की लोगों ने ली शपथ

- सड़क पर वाहन चलाने से पहले सुरक्षा संबंधी सभी बातों का ध्यान रखूंगा।
- यातायात नियमों का खुद और अपने परिजनों से पालन हमेशा कराऊंगा।
- दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट धारण करुंगा।
- कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट धारण करूंगा।
- शराब पीकर कभी भी वाहन नहीं चलाऊंगा।
- वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर कभी भी बात नहीं करूंगा।
- एंबुलेंस एवं फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को हमेशा पहले जाने के लिए रास्ता दूंगा।
- सड़क दुर्घटना में पीड़ति की मदद के लिए सदैव तत्पर रहूंगा।

### मेरिट सूची में प्राप्त किया स्थान

## यूसीमास प्रतियोगिता में सिरोंज के छात्रों ने किया अच्छा प्रदर्शन



**सिरोंज।** इंदौर के एमराल्ड हाइट इंटरनेशल स्कूल में यूसीमास की 19वीं मेंटल अरिथमेटिक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों से लगभग 5 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। साथ ही इस प्रतियोगिता में सिरोंज के यूसीमास सेंटर के 6 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वही यूसीमास सेन्टर सिरोंज की संचालक आरती भार्गव ने बताया कि प्रतियोगिता में 8 मिनट में जटिल गणित के 200 सवाल हल करने रहते हैं। इस प्रतियोगिता में सिरोंज की शानवी जैन एवं आराध्या मंगल ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। तो वही दूसरी ओर अयांश दांगी, ध्रुव जैन, सिद्धि जैन,धरा जैन ने कंसोलेशन सूची में अपना स्थान प्राप्त किया। इंदौर में प्रतिवर्ष यूसीमास द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कराई जाती है जिसमें प्रदेश के हजारों छात्र-छात्राएं हिस्सेदारी करते हैं। वही उन्होने कहा कि यूसीमास 5 साल से 13 साल तक के बच्चों के लिए संपूर्ण बौद्धिक विकास कार्यक्रम है, जिसमें बच्चों की स्मरण शक्ति एवं एकाग्रता बढ़ाई जाती है, जिससे बच्चे गणित के साथ-साथ सभी विषय में आगे रहते हैं।

## लोकसभा क्षेत्र धार में प्रचार-प्रसार की विनोद सेन को मिली जिम्मेदारी



सिरोंज। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशनुसार उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने मध्यप्रदेश केश शिल्पी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेन को लोकसभा क्षेत्र धार में प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी। विनोद सेन धार पहुचकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार,लोकसभा प्रभारी,जिला प्रभारी से सम्पर्क एंव समन्वय कर लोकसभा क्षेत्र में धार में स्थानीय कार्यकर्ताओं, आमजनों और सभी वर्गों के लोगों से समन्वय स्थापित कर कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए उन्हें प्रेरित करेंगे और प्रचार प्रचार के माध्यम से जन-जन के बीच कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करेंगे।

## संविधान की रक्षा करने के संकल्प के साथ सेवादल का मासिक ध्वजवंदन संपन्न

**सागर।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा की छत्रछाया में कांग्रेस सेवादल परिवार का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम संपन्न हुआ। ध्वजारोहण भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सागर लोकसभा से प्रत्याशी चंद्रभूषण सिंह बुंदेला गुड्डू राजा के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शहर और ग्रामीण सेवादल परिवार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी गुड्डू राजा ने कहा कि चुनाव में सेवादल की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। भाजपा का मतलब महंगाई, बेरोजगारी और पलायन है, बेरोजगारी के कारण बुंदेलखंड के गांव के गांव खाली पड़े हैं। मंहगाई के कारण घर चलाना मुश्किल है। कांग्रेस का हाथ हमेशा गरीबों के साथ रहा है। सागर विधानसभा के समन्वयक और पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि आज बाबासाहेब की प्रतिमा के समक्ष हम प्रण करते हैं कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा हेतु कांग्रेस को विजयी बनायेंगे। कार्यक्रम के आयोजक शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और ग्रामीण सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव द्वारा और कार्यक्रम का संचालन द्वारका चौधरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चक्रेश सिंघई, सुरेंद्र सुहाने, मुकुल पुरोहित, माधवी चौधरी, कैलाश सिंघई, इंडिया गठबंधन से डा.आशिक अली, राकेश राय, राहुल चौबे, प्रेमनारायण विश्वकर्मा, समीर खान, योगराज कोरी, आशीष ज्योतिषी, जितेंद्र चौधरी, शैलेन्द्र तोमर, अवधेश तोमर, पप्पू गुप्ता, दीनदयाल तिवारी, नितिन पचौरी, प्रीतम यादव, कल्लू पटेल, आनंद हेला, रजिया खान, सुनीता जाटव आदि शामिल थे।

## सर्वोदय स्कूल की बोर्ड परीक्षाओं का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सर्वोदय हासे में एमपी बोर्ड परीक्षाओं में कक्षा 5 वीं , 8 वीं, 10 वीं , 12 वीं, में छात्र- छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट परिणाम से विद्यालय नगर एवं परिवार का गौरव बढ़ाया।

कक्षा 12 वीं में अंशिका धाकड़ ने 89 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम , कु.अनामिका चौधरी ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं कु.पुष्पा धाकड़ ने 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय एवं अभय चौधरी ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया । विज्ञान संकाय छात्रा -छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की एवं एग्रीकल्चर संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में कु. माही धाकड़ ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान खुशी धाकड़ ने 91 प्रतिशत अंक से द्वितीय , अंजलि शिल्पी ने 90.4 प्रतिशत अंक से तृतीय एवं कु. मन्तशा खानम ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ , महक शर्मा ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवा, सिद्धांती परमार ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छंटवा स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार कक्षा 8 वीं की बोर्ड परीक्षा में कु. राजेश्वरी धाड़क ने 88.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, .आयुषी धाकड़ ने 85.16 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया । कक्षा 5 वीं में वैशाली रघुवंशी ने 88.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र -छात्राओं को स्कूल संचालक राघवेंद्र राजपूत ने बधाई दी है।

## निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने अधिकारियों के साथ किया विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम जलप्रदाय और टाटा कंपनी के इंजीनियरों के साथ किए जा रहे कार्यो का स्थल निरीक्षण करते हुये टाटा कंपनी के इंजीनियरों को निर्देश दिए कि कार्य प्रारंभ करने के पूर्व नगर में अन्य कंपनियां भी निर्माण कार्य कर रही है या नगर निगम द्वारा निर्माण कार्य किए जा रहे हैं इसलिए यह पहले जानकारी ले ले कि जिस स्थान पर पाइपलाइन डालना है या अन्य कोई कार्य करना है तो वहां कोई अन्य कार्य तो नहीं होना है और यदि होना है तो उसके पहले कार्य कर दिया जाए ताकि पुनः रोड खोदने की आवश्यकता न पड़े और सरकारी संपत्ति को भी नुकसान न हो । यही बात अन्य निर्माण एजेंसियां भी ध्यान रखें कि निर्माण कार्य करते समय परस्पर आपस में सामंजस बनाकर काम करें।भ्रमण के दौरान निगमायुक्त ने तीन मढिया पुरातत्व भवन के सामने रोड क्रॉस नाली का अवलोकन किया और इस नाली से पानी की सही निकासी हेतु उन्होंने तीन मढिया के यहां रोड निर्माण कर रही निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि वह रोड किनारे पड़े मलवे को शीघ्र साफ कराये ताकि यहां से निकली हुई 200 एमएम की पाइपलाइन को नीचे किया जा सके और उसके ऊपर पानी की निकासी हेतु हयूम पाइप डाले जाये ताकि ऊपरी क्षेत्र से आने वाला पानी आसानी से रोड के दूसरे ओर निकल सके, इसके अलावा उन्होंने निगम और टाटा कंपनी के इंजीनियरों को पाइप लाइनों के लीकेजों के सुधार कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से करने के साथ ही ऐसे नागरिक जो अपने पाइपों को नालियों में खुला छोड़ देते हैं उनको ऐसा न करने की हिदायत देने के निर्देश दिए ताकि पाइप लाइनो में पानी बंद होने के बाद रिवर्स वाटर के रूप में पानी वापिस पाइपों में न जा सके ।



### समझाइश के बाद नहीं माने तो होगी चालानी कार्रवाई

निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने निरीक्षण के दौरान उपहार जेम्स एंड ज्वेलर्स के सामने खाली पड़े प्लाट में कचरा-मलवा पाए जाने पर संबंधित प्लाट मलिक को नोटिस देने और प्लाट के सामने बनी नगर निगम की नाली की तुरंत सफाई कराने के निर्देश दिए तथा मुख्य रोड के किनारे पड़े कचरे को साफ कराकर प्लाट मालिक और दुकानों के सामने कचरा फेंकने वाले दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के संबंधित वार्ड दरोगा, जोन प्रभारी और इंजीनियर को निर्देश दिए ।

निगम आयुक्त शास्त्री वार्ड में पाइपलाइन को देखने पहुंचे तो इस स्थल से थोड़ी ही दूरी पर नागरिकों को डिस्पोजल में चाय पीते देखा, यह देखते ही निगम आयुक्त उन चाय दुकानों पर पहुंच गये और उन्होंने दुकानदारों से डिस्पोजल के स्थान पर कांच के गिलासों में चाय देने को कहा और उन्हें कांच के गिलास दिए और उन्हें समझाया कि चाय पीने में डिस्पोजल का उपयोग करना स्वास्थ्य की दृष्टि से ठीक नहीं है वहीं इससे आसपास गंदगी भी फैलती है।

शास्त्री वार्ड में अपने पिता की अनुपस्थिति में चाय की दुकान चला रही नंदनी यादव से भी निगम आयुक्त ने बात की और उसे भी कांच के गिलास देकर डिस्पोजल का उपयोग न करने की अपील की, जिससे प्रभावित होकर उसने संकल्प लिया कि अब वह डिस्पोजल कपों के स्थान पर कांच के गिलास का ही उपयोग करेगीऔर नागरिकों से भी डिस्पोजल के स्थान पर कांच के गिलास या मिट्टी के कप का उपयोग करने की अपील की।

## आसमान में घने बादलों का डेरा, तेज हवा के साथ सुबह हुई हल्की बूंदाबादी

**बरेली।** अप्रैल माह की शुरूआत बादल बारिश से हुई अब माह के आखिरी में जिस प्रकार आसमान में बादलों का लगातार डेरा बना हुआ है। रविवार की सुबह हल्की बूंदाबादी होने से किसान बारिश की संभावना से चिंतित और भयभीत हो उठे। यह ऐसा पहला वर्ष है जब जनवरी से अप्रैल तक प्रत्येक माह बारिश होने से खेती किसानी का गणित गड़बड़ा रहा हैं।

क्षेत्र के दर्जनों समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर खुले आसमान के नीचे गेंहू के ढ़ेर लगे हुए हैं। इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद तौल एम मात्र विलम्ब से प्रारंभ हुई। 7 मई तक खरीद तौल की तारीख है। पिछले महिनों में बिगड़े मौसम और बार -बार बादल छाने बारिश होने से रवि सीजन की मुख्य फसल गेंहू चना का उत्पादन प्रभावित हुआ जिसका असर कम उत्पादन कम आवक के रूप में सामने आ रहा हैं। गेंहू का उत्पादन कम होने और मंडी में भाव भी समर्थन मूल्य के आसपास होने से खरीदी केंद्रों पर कम आवक हो रही है। चना का भाव तो समर्थन मूल्य से 5-6 सौ रुपए प्रति क्विटल मंडी में अधिक बिक रहा हैं।

अनेक बुजुर्गों ने चर्चा के दौरान कहा कि उन्होनें अपने जीवन में चैत्र -बैशाख के महिनों में बादल बारिश का लगातार मौसम नहीं देखा, जिन महिनों में भीषणतम , असहनीय गर्मी पड़ती है, बेमौसम बादल -बारिश से फसलोंका भारी नुकशान होने के बाद सेहत पर भी विपरीत असर पड़ रहा हैं। बताया कि मौसम बार -बार बदलने बारिश से गेंहू चना की फसलें प्रभावित हुई। अब हरी सब्जी की फसल मुख्य रूप से टमाटर , मिर्च खराब हो रही हैं।

# उदयपुरा ब्लॉक में 4 सीएम राइज, बाड़ी ब्लॉक में सिर्फ एक

### बरेली तहसील में सीएम राइज स्कूल की मांग पकड़ रही जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

आधुनिक सुख सुविधाओं से परिपूर्ण , सर्वोत्तम शिक्षा देने सरकार द्वारा सीएम राइज स्कूल प्रारंभ किए गए हैं। पूर्व में उदयपुरा एवं बाड़ी में एक - एक सीएम राइज स्कूल स्वीकृत हो चुके हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग के उपसचिव द्वारा जारी सीएम राइज स्कूलों की सूची में उदयपुरा ब्लॉक में तीन नये स्कूल स्वीकृत किए गए , जबकि बाड़ी ब्लॉक और उसके अन्तर्गत आने वाली सबसे अधिक जनसंख्या वाली बरेली तहसील में एक भी सीएम राइज स्कूल स्वीकृत न होने से क्षेत्र के हजारों पालक परिवारों में सीएम राइज स्कूल स्वीकृत न होना व्यापक चर्चाओं और अपने बच्चों के भविष्य के प्रति सरकार , जन प्रतिनिधियों की ओर अनदेखी के रूप में देखा जा रहा हैं। उदयपुरा ब्लॉक में पहले देवरी क्षेत्र हुआ करता अब देवरी अलग तहसील बन गई हैं। इसी प्रकार बाड़ी ब्लॉक मुख्यालय होने बाद भी बरेली तहसील में आती थी। अब बाड़ी अलग तहसील बन गई हैं। बाड़ी में वर्षों पूर्व से नवोदय विद्यालय एवं उत्कृष्ट विद्यालय भी संचालित हो रहा हैं। तब सीएम राइज स्कूल की सरकार ने योजना शुरू की तो ब्लॉक मुख्यालय बाड़ी एवं उदयपुरा में स्कूल स्वीकृत हुए । उदयपुरा में वर्षों से उत्कृष्ठ विद्यालय भी चल रहा हैं।

### नोनिया बरेली में हाई स्कूल जर्जर भवन में

उदयपुरा ब्लॉक के नोनिया बरेली हाईस्कूल वर्षों से मिडिल स्कूल के भवन में चल रहा हैं। जहां स्कूल का स्वयं का भवन नहीं है, जिस भवन में हाईस्कूल लग रहा है वह क्षतिग्रस्त जर्जर है। वहां हायर सेकंडरी भी नहीं है ऐसे स्थान पर सीएम राइज स्कूल खोलना कितना औचित्यपूर्ण होगा । पालकों ने चर्चा के दौरान कहा कि शायद बरेली के आगे नोनिया बढ़ाकर कुछ लोगों द्वारा अपने हित साधने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि सबसे अधिक आवश्यकता जनसंख्या, छात्र संख्या के अनुसार बरेली में सीएम राइज स्कूल खोला जाना जरूरी हैं। शैक्षणिक सामाजिक गतिविधियों एवं पालकों द्वारा अपने बच्चों के भविष्य के लिए बरेली में सीएम राइज स्कूल के लिए शीघ्र आंदोलन की तैयारी जाने की चर्चा हैं।




### उदयपुरा ब्लॉक में चार सीएम राइज स्कूल

उदयपुरा ब्लॉक से डेढ़ गुना ग्राम बाड़ी ब्लॉक में 106 ग्राम हैं जो जिले की किसी भी जनपद में सबसे अधिक हैं। मप्र स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश और सूची के अनुसार पूर्व से उदयपुरा में सीएम राइज स्कूल स्वीकृत हैं। इसके अलावा सूची के क्र. 6 में हाईस्कूल नोनिया बरेली , क्र. 7 में बालक हासे. देवरी एवं क्र. 268 में गर्ल्स हासे थाला दिघावन में सीएम राइज स्कूल स्वीकृत हुए । जहां शैक्षणिक सत्र 24-25 से शैक्षणिक सह शैक्षणिक क्रियाकलापों को प्रारंभ करने के आदेश, अनुमति दी गई । बाड़ी ब्लॉक, बरेली तहसील जो कि जिले में सबसे अधिक आबादी वाली तहसील हैं पूर्व से और जारी सूची में एक भी सीएम राइज स्कूल स्वीकृत न होना पालकों में भारी चर्चा और व्यापक असंतोष का कारण बना हुआ हैं।

## नर्वदा एजुकेशन वैली स्कूल के पांचवीं, आठवीं के छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

अग्रणी शिक्षण संस्था नर्वदा एजुकेशन वैली स्कूल के कक्षा 5वीं, 8वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अधिकांश छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रृंणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया ।



कक्षा 5वीं में रामकुमार धाकड़ ने 91 प्रतिशत अंक , अमन कहार ने 90 प्रतिशत , आनंद धाकड़ ने 89 प्रतिशत , रेवांशी साहू ने 89 प्रतिशत ,ऋषभ चौधरी ने 88 प्रतिशत , अनामिका ठाकुर ने 88 प्रतिशत , दिव्या धाकड़ ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की । 8वीं में दिव्या धाकड़ ने 89 प्रतिशत , अरहान उमर खान ने 85 प्रतिशत , प्रिया जैन ने 84 प्रतिशत ,तपस्या धाकड़ ने 82 प्रतिशत , अजय धाकड़ ने 81 प्रतिशत, ऋषिका चौधरी ने 81 प्रतिशत , अंक प्राप्त कर स्कूल में शीर्ष सूची में स्थान प्राप्त किया । कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8 वीं के अधिकांश छात्र- छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय एवं अपने माता- पिता परिवार को गौरान्वित किया। स्कूल के प्राचार्य हरेन्द्र रघुवंशी ने छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षाओं में मिली सफलता और उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी है।

## लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाकर खुश हुए वयोवृद्ध व दिव्यांग मतदाता

# 85 साल से अधिक आयु वाले बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने घर से डाला वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में 85 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध मतदाताओं तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर पर ही मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने बताया कि विदिशा संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले के विधानसभा क्षेत्र सांची, सिलवानी और भोजपुर में 85 वर्ष से अधिक आयु के 559 मतदाता तथा 189 दिव्यांग मतदाता घर पर ही मतदान कराने हेतु चिन्हांकित हैं।

रविवार को इन तीनों विधानसभाओं में 40 से अधिक दलों द्वारा चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार पूरी गोपनीयता के साथ मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। प्रत्येक दल के साथ पुलिस बल और वीडियोग्राफर मौजूद रहे। आगामी दिवस में शेष चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी।

रायसेन के वार्ड नम्बर-17 हाउसिंग बोर्ड निवासी 95 वर्षीय वयोवृद्ध मतदाता एनके श्रीवास्तव, यशवंत नगर निवासी 86 वर्षीय चन्द्रकांता शर्मा सहित अन्य वयोवृद्ध मततदाताओं के घर पर पहुंचकर पूरी गोपनीयता और सुरक्षा के साथ मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। घर पर मतदान कर यह मतदाता बेहद प्रसन्न हुए तथा निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि दिव्यांग और वयोवृद्ध मतदाताओं से घर पर ही मतदान कराने की यह पहल बहुत अच्छी है। इससे ऐसे मतदाता जो शारीरिक असमर्थता के कारण मतदान नहीं कर पाते थे, वह भी मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभा रहे हैं।







## रायसेन व मंडीदीप में मीडिया प्रतिनिधियों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान



*भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। विदिशा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत रायसेन जिले की तीन विधानसभाओं सांची, सिलवानी तथा भोजपुर में रविवार को पोस्टल बैलेट से मतदान प्रारंभ हुआ। सांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायसेन में चार प्राधिकृत पत्रकारों द्वारा स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय पहुंचकर पोस्टल बैलेट से मतदान किया। इसी प्रकार भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में भी एक मीडिया प्रतिनिधि द्वारा पोस्टल बैलेट से मतदान किया गया।*

*उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग ने पत्रकारों के कार्य को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में स्थान देकर यह सुविधा प्रदान की है। यह सुविधा केवल उन पत्रकारों के लिए है, जिन्हें निर्वाचन कार्य के कवरेज हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक स्वास्थ्य, गृह (अग्निशमन सेवाएं), ऊर्जा विभाग के अमले सहित निर्वाचन कार्य में मतदान दिवस के कवरेज में संलग्न भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में अधिसूचित किया है। इसका आशय यह है कि सेवा में रत रहने की वजह से कोई भी मतदान करने से वंचित न रहे।*

### व्यय प्रेक्षक ने बेगमगंज में की व्यय लेखा टीम के कार्यों की समीक्षा

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत विदिशा संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मेहुल भारत जैन द्वारा बेगमगंज में व्यय लेखा टीम के कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने व्हीएसटी, एसएसटी प्वांट, अब तक जप्त की गई राशि और सामग्री, एसएसटी कैमरों आदि की विस्तृत जानकारी लेते हुए अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पर सूक्ष्मता से नजर रखने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक जैन ने कहा कि अभ्यर्थियों द्वारा किए जा रहे निर्वाचन व्यय को उनके व्यय लेखे में जोड़ा जाए। निर्वाचन रैली, सभा आदि की वीएसटी टीम द्वारा पूरी वीडियोग्राफी की जाए तथा व्यय लेखा दल द्वारा रेट लिस्ट के आधार पर व्यय का आकलन कर दर्ज किया जाए। उन्होंने निर्वाचन प्रचार-प्रसार हेतु अभ्यर्थियों को वाहनों की अनुमति, रैली-सभाओं सहित अन्य राजनैतिक आयोजनों की अनुमति आदि के बारे में भी जानकारी। इस दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार का आखिर जिम्मेदार कौन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली कई ग्राम पंचायतों में शासकीय राशि का गोलमाल बीते 1 वर्ष में सबसे अधिक हुआ है खुले भ्रष्टाचार में जिम्मेदार अधिकारियों की कहीं ना कहीं मिली भगत रही है। धीरे-धीरे भ्रष्टाचार करने वाले लोगों के चेहरे सामने आने लगे हैं। पंचायत में पदस्थ सचिव सरपंच सरकारी राशि को अपनी समझ कर कभी भी बिल लगाकर निकाल लेते हैं और उसे अपनी मनमर्जी से खर्च भी करते हैं।

मजे की बात तो यह है कि जिस कार्य के नाम से राशि निकाली जाती है वह कभी पूरा नहीं होता है और रिकॉर्ड में काम को पूरा बताया जाता है। ऐसा एक मामला नहीं है कई पंचायतें भ्रष्टाचार की श्रेणी में शामिल है। रिकॉर्ड के आधार पर यदि ग्राम पंचायतों निर्माण कार्य देखे जाए तो हकीकत सामने आती है। गंभीर मामलों को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों से बात होती है, तो उनके द्वारा गोलमोल जवाब दिया जाता है आखिर यह भ्रष्टाचार कब बंद होगा, इस संबंध में कुछ नहीं कहा जा सकता।

हां लेकिन इतना जरूर है कि जो शासकीय राशि ग्राम पंचायत को विकास के लिए दी जाती है। यदि उसका सदुपयोग होता है, तो ग्राम पंचायत में रहने वाले ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेंगे। आज भी हालत यह है कि किसी के घर के सामने सड़क नहीं है और किसी के घर के सामने पानी की व्यवस्था नहीं है। बिजली सड़क पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने से आज भी ग्रामीण परेशान है योजनाओं को ठेंगा दिखाकर, जिम्मेदार लोग अपनी मनमानी कर रहे हैं कुछ पंचायत सचिव रोजगार सहायक सीधे मुंह बात नहीं करते हैं मोटी रकम कमाने वाले वक्त आने पर सबको मैनेज करने की बात करते हैं।

यहां अक्सर यह भी देखा जा रहा है कि सांची जनपद पंचायत के अंतर्गत कुछ खास पंचायतें ऐसी हैं जहां सरकारी राशि खर्च नहीं हुई है उन पंचायतों में सचिन अपनी सेटिंग करके थोड़े ही समय में पदस्थ हो जाते हैं और पंचायत की राशि को निकाल कर अपने मनमाने तरीके से खर्च करते हैं। ऐसा ही एक मामला दो दिन पहले सामने आया है।

### भ्रष्टाचार-मिलीभगत की कलई खोल रहा निर्माण

*ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम पंचायत बनगवा में निर्माण कार्यों की जांच जनपद पंचायत सांची के अधिकारियों द्वारा की गई जिसमें शिकायत को सही पाया गया है। मौके पर जो निर्माण होना था वह नहीं हुआ है जो हुआ है वह भी भ्रष्टाचार एवं मिली भगत की कलई खोल रहा है पंचायत में लगभग 10 लख रुपए बिना किसी निर्माण के खर्च हुए हैं इतना ही नहीं ग्राम पंचायत मानपुर, नयापुरा, बांसखेड़ा, परवरिया भी चर्चा में है इन पंचायतों में भी शासकीय राशि का गोलमाल हुआ है कुछ पंचायतों की जांच जिला पंचायत में चल रही है सूत्र बताते हैं कि मनरेगा के अंतर्गत जो निर्माण कार्य हुए हैं राशि निकाली गई है लेकिन मौके पर काम नहीं हुआ है अधिकारियों की खुली मिली भगत से शासकीय राशि बर्बाद की जा रही है रिकॉर्ड में काम दिखाया जाता है धरातल पर नहीं होता अभी भी कई ग्राम पंचायतों में ग्रामीण लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।*

### मजदूरी में भी फर्जीवाड़ा

*मनरेगा के अंतर्गत पंचायत में मजदूर लगाना दर्शाया जाता है और मजदूर के नाम पर राशि निकाली जाती है जो काम होते हैं वह मशीनों से कराए जाते हैं शासन को मजदूरों की हाजिरी भरकर रिकॉर्ड कंप्लीट कर भेजा जाता रहा है। आखिर यह भ्रष्टाचार कब बंद होगा या जो जिम्मेदार लोग शासकीय राशि का बंटाधार कर रहे हैं उन पर अंकुश लगेगा या नहीं।*

### इनका कहना है

पंचायत में जो भ्रष्टाचार हुआ है वह मेरे कार्यकाल का नहीं है। मामले की जांच जनपद सीईओ द्वारा कराई जा रही है सच क्या है सब सामने होगा।

**-रामबाबू दांगी,** सचिव
ग्राम पंचायत बनगवा

## खबर संक्षेप



### नरवाई में लगाई जा रही आग, नहीं होती कार्रवाई

**दीवानगंज।** दीवानगंज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रात दिन कहीं ना कहीं खेत की नरवाई मैं आग लगाई जा रही है। जबकि शासन द्वारा खेतों में पराली जलाने पर रोक लगाई है, लेकिन इसके बाद भी स्थानीय किसान इस आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। वह हार्वेस्टर से कटवाई गई गेहूं की फसल के बाद खेतों में खड़े डंठलों को आग लगा रहे हैं। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि खेत में कई वैक्टीरिया होते हैं, जो उपज के लिए लाभदायक होते हैं। लेकिन, खेतों में आग लगाने के कारण यह वैक्टीरिया मर जाते हैं। इससे खेतों की उत्पादन क्षमता प्रभावित होगी है। पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। इसलिए पराली पर आग लगाने की अनुमति नहीं है, लेकिन किसान नहीं मानते हैं और मनमाने तरीके से खेत में खड़े डंठलों को आग लगाकर जला देते हैं। हालांकि प्रशासन की ओर से पराली जलाने पर जुर्माना का भी प्रावधान है, लेकिन इससे किसानों को कोई फर्क नहीं पड़ता है। जिला प्रशासन ने भले ही नरवाई जलाने को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हो, लेकिन इसका असर नहीं दिख रहा है। प्रशासन ने प्रदूषण और आगजनी की घटनाएं रोकने गेहूं कटाई से पूर्व सख्त आदेश जारी किए थे। आदेश के तहत नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के साथ ही दंड का प्रावधान रखा था। इसके बाद भी इस आदेश का न तो किसानों ने पालन किया। प्रशासन स्तर से कोई ठोस कार्रवाई की गई।

### शिवांश सोनी ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**सिलवानी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा जारी किए वार्षिक परीक्षा परिणाम में पुष्पा विद्यालय सिलवानी के कक्षा 10वी के छात्र शिवांश सोनी पिता सुरेंद्र सोनी ने 89.6 प्रतिशत अंक हासिल कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसने 500 में से 448 अक प्राप्त किए, शिवांश को अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, गणित व सांइस विषय में विषेष योग्यता मिली है। छात्र की इस उपलब्धि पर परिजनो, गुरुजनो, मित्रो ने बधाई दी।

## होम वोटिंग में दिखा उत्साह, बुजुर्गों ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंचकर सम्पन्न कराई जा रही मतदान प्रक्रिया एवं गोपनीयता का जायजा लेने रविवार को बाड़ी तहसीलदार प्रमोद उइके एवं थाना प्रभारी कपिल गुप्ता पहुंचे अमरावद कलां। यहां 103 वर्षीय वरिष्ठ मतदाता नन्ही बाई के निवास भाग संख्या 250 अमरावद कलां पर पहुंचकर तहसीलदार ने मतदान प्रक्रिया एवं गोपनीयता के साथ बुजुर्ग से मतदान कराया। साथ ही



उनकी बहू से मतदाता सूचना पर्ची की जानकारी ली। लोकसभा चुनाव का मतदान विदिशा लोकसभा क्षेत्र में सात मई को तीसरे चरण में होना है। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत 85 प्लस अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की। इस प्रक्रिया में पोलिंग पार्टियां घर-घर जाकर बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से मतदान करवाया जा रहा है।

जिले के भोजपुर विधानसभा के अनेक बूथों पर रविवार को मतदान दलों द्वारा घर-घर पहुंच कर पात्र मतदाताओं को मतदान करवाया गया एवं मतदाताओं ने पूर्ण उत्साह के साथ होम वोटिंग का लाभ उठाया साथ ही चुनाव आयोग की इस अभिनव पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने बुजुर्गों एवं दिव्यांग जनो को होम वोटिंग की जो सुविधा दी है वह वास्तव में बहुत ही आरामदायक एवं सुविधाजनक है। उन्होंने आयोग के इस नवाचार की सराहना की। होम वोटिंग करने बाली 103 वर्षीय नन्ही बाई ने कहा कि चुनाव आयोग का ये अभिनव नवाचार है जिससे घर बैठे मतदान की सुविधा मिली है।

## भोपाल, विदिशा और दीवानगंज पर बने चेक पॉइंट पर यातायात पुलिस ने किए वाहन चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

लोकसभा चुनाव 2024 की प्रक्रिया शुरू हो गई ह। पूरे देश में सात चरणों में चुनाव कराए जा रहे हैं विदिशा लोकसभा के लिए तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होना है। इसके लिए शुक्रवार 12 अप्रैल को अधिसूचना जारी कर दी गई हैं। निष्पक्ष और साफ सुथरा चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी कर रखी है। विदिशा में चुनाव के मद्देनजर जगह जगह चेकपोस्ट बनाए गए हैं।

रविवार को भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे दीवानगंज के दाल मिल चौराहे पर बने एसएसटी चेक पॉइंट पर रविवार को यातायात पुलिस मैं आने जाने वाले वाहनों को चेक कया । आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव को



प्रभावित करने वाले लोक लुभावन सामानों की जब्ती के लिए जिला पुलिस बल ने चेकिंग अभियान चलाया चेकिंग के दौरान पुलिस ने बिना दस्तावेज के हो रहे समानों के परिवहन करने वालो पूछताछ की। पुलिस की यह कार्रवाई आगे भी चलती रहेगी।

## नाबालिग बालिका के विवाह की सूचना मिलने पर पहुंचकर रुकवाया विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के ग्राम शोभापुर में नाबालिग बालिका का विवाह कराए जाने की सूचना प्राप्त होने पर महिला बाल विकास का अमले द्वारा शोभापुर पहुंचकर नाबालिग बालिका के परिजनों को समझाईश देकर विवाह रूकवाया गया। ग्राम बोदरा निवासी जगदीश अहिरवार द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री का विवाह शोभापुर में कराया जा रहा था।

महिला बाल विकास के अमले पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, चौकीदार, आशा कार्यकर्ता आदि द्वारा मौके पर पहुंचकर नाबालिग



बालिका की अंकसूची की जांच गई, जिसमें आयु 17 वर्ष 03 माह पाई गई। इसके उपरांत अमले द्वारा परिजनों को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के बारे में जानकारी देकर समझाईश दी। साथ ही कम उम्र में विवाह करने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी बताया। जिसके उपरांत बालिका के पिता और परिजनों द्वारा सहमति दी कि वह बालिका का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ही करेंगे।

## बालमपुर से लेकर दीवानगंज तक सड़क पर फैला मटेरियल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर शनिवार रात्रि मैटेरियल सप्लाई करने वाले अज्ञात वाहन से बालमपुर चौराहा से लेकर दीवानगंज तक रोड पर जगह-जगह मटेरियल फैल गया। जिससे वाहन चालक परेशान होते रहे। जब भी कोई बड़ा वाहन रोड पर फेले मटेरियल के ऊपर से निकलता है तो चारों ओर धूल ही धूल दिखाई देती है। जिससे आसपास रहने वाले ग्रामीण रविवार दोपहर तक परेशान होते रहे। जब कोई वाहन तेज गति से निकल जाता है तो कुछ देर तक रोड पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है। चारों ओर धुली धूल दिखाई देती है। जिससे भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर चलने वाले राहगीर परेशान होते रहे।

## प्रगति हायर सेकेंडरी स्कूल बाड़ी के छात्रों का कक्षा 5वीं 8वीं, 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में रहा शानदार प्रदर्शन

◆ *स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों और समर्पित स्कूल शिक्षकों की टीम को दी गई बधाईयां*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

नगर की अग्रणी शैक्षणिक संस्था प्रगति हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने 5वी' 8वी 10वी और12वी बोर्ड परीक्षा में अनुकरणीय प्रदर्शन करके प्रगति परिवार एवं बाड़ी नगर का नाम गौरवान्वित किया। सभी बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम श्रेष्ठ रहा जिसमें कक्षा 5वी में 93% अंको के साथ कपिल पुत्र बृजमोहन शर्मा ने विद्यालय में प्रथम तथा आयशा पुत्री अनिल साहू ने 92.25 % अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार 8वी बोर्ड परीक्षा में दिव्या पुत्री विद्या प्रसाद तिवारी ने 88.1 % अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम तथा कु.रक्षा गौर पुत्री देवेन्द्र गौर ने 85.5% अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 10वी बोर्ड परीक्षा में देवकुमार पुत्र राजेश साहू ने 88.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम तथा देवेश पुत्र कमलसिंह ठाकुर ने 87.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह 12वी बोर्ड परीक्षा में नैना जैन ने 92.4%अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया विद्यालय संचालक रजि थॉमस तथा प्रिंसिपल एम. थॉमस ने बोर्ड परीक्षाओं में विद्यालय के श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम के साथ 5वी,8वी के सभी बच्चों के प्रथम श्रेणी में तथा 10वी 12वी के अधिकांश बच्चों के प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों की पूरी टीम की शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा भविष्य में और अधिक निष्ठा और लगन के साथ शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को उद्देश्य पूर्ण बनाने का आव्हान किया।

### शा.हाई स्कूल अमरावद कलां का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

*बाड़ी। अशासकीय स्कूलों को पीछे छोड़ते हुए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शासकीय हाई स्कूल अमरावद कलां का कक्षा 10वी का परीक्षा परिणाम पिछले 7 वर्षों से शत प्रतिशत रहा हैं। कक्षा 10वी में प्रगति कुशवाह 91% , बिन्दा कुशवाह 87.2% , प्रयांशी ठाकुर 86%, स्वीटी बैरागी 85 %, अमन कुशवाह 84.4% , लक्ष्मी कुशवाह 82.2% , लकी साहू 80.4% । कुल 24 छात्रों में से 23 छात्र छात्रायें प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण , 1 छात्र द्वितीय श्रेणी में रहा । स्कूल का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम आने पर संस्था की समस्त स्टाफ एवं प्राचार्य सुमेर सिंह ठाकुर एवं उपप्राचार्य भवानी प्रसाद गोहिया को विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी केके बानी, श्री दुर्गेश नामदेव ,भारकच्छ प्रचार्य राधेश्याम ठाकुर एवं महेश ठाकुर, रेवक सिंह ठाकुर , राधेश्याम गुर्जर , पुरुषोत्तम धाकड़, कपिल चतुर्वेदी ने छात्रों को शुभकामनाएं दी ।*

### सांई ज्ञान मंदिर के परीक्षा परिणाम ने बढ़ाया गौरव

*बाड़ी। जमीन मजबूत होगी तो शिखर की मजबूती दिखती है इसी आधार पर साई ज्ञान मंदिर के संस्थापक सदस्यों की मेहनत रंग लाई प्रारंभिक शिक्षा की मजबूत नींव रखकर संस्था ने यह संदेश दे दिया कि प्रारंभिक शिक्षा का आधार मजबूत करने के लिए छात्र-छात्राओं ने जिस तरीके से शिक्षा का प्रतिशत बढ़ाया और बौद्धिक क्षमता क्यों देखने को मिली उसे बच्चों के भविष्य के उज्जवल भविष्य को देखा जा सकता है संस्था ने एक ही छत के नीचे शिक्षा संस्कार की जो प्रारंभिक रूपरेखा बनाई है वह सार्थक साबित होती जा रही है। संस्था ने हाई स्कूल के जो परिणाम सामने आए हैं उसमें प्रारंभिक शिक्षा और संस्कार की खुशबू नजर आ रही। हाई स्कूल में दीपशिखा लोधी ने हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में 90.2 %, लोकेंद्र लोधी ने 95 % (नगर में प्रथम), हीरा सुल्तानिया ने 90.2% अंक प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाया और छात्र-छात्राओं को नगर के नागरिकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।*